भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधि कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 597

जिसका उत्तर गुरुवार, 6 फरवरी, 2020 को दिया जाना है

## नोटरी पब्लिक की नियुक्ति

**597. श्री के. सोमप्रसाद :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक की राज्य-वार और वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है ;

(ख) क्या देश की जनसंख्या के अनुपात में नोटरी पर्याप्त संख्या में हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) विगत पाँच वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों में से नियुक्त किए गए नोटरी पब्लिक की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या का ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रविशंकर प्रसाद)**

**(क) :** पिछले पांच वर्षों के दौरान संघ सरकार द्वारा नियुक्त किए गए नोटेरियों की कुल संख्या के राज्य-वार और वर्ष–वार ब्यौरे **उपाबंध-X** पर है ।

**(ख) :** नोटेरी नियम, 1956 का नियम 7(3)(ख) यह अपेक्षा करता है कि साक्षात्कार बोर्ड (i) विशिष्ट राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के विशिष्ट क्षेत्र के जिसमें आवेदक व्यवसाय करने का प्रस्ताव करता है, वाणिज्यिक महत्व और (ii) उस क्षेत्र में साक्षात्कार के समय विद्यमान नोटेरियों की संख्या/सदस्य संख्या पर विचार करे । नोटेरी अधिनियम, 1952 या नोटेरी नियम, 1956 में देश में जनसंख्या के अनुपात में नोटेरियों की संख्या के संबंध में ऐसा कोई मानदंड विहित नहीं है ।

**(ग) :** विभाग, संघ सरकार द्वारा नियुक्त किए गए नोटेरियों की अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, समुदाय-वार सूची नहीं रखता है ।

**उपाबंध-X**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान संघ सरकार द्वारा नियुक्त किए गए नोटेरियों की संख्या**

| राज्य | वर्ष 2015 | वर्ष 2016 | वर्ष 2017 | वर्ष 2018 | वर्ष 2019 |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | | | - | 172 | |
| असम | - | - | - | 13 | - |
| बिहार | - | - | - | 117 | 51 |
| चंडीगढ़ | - | 24 | - | 29 | - |
| छत्तीसगढ़ | | | | 182 | |
| दिल्ली | - | - | - | 324 | - |
| गोवा | - | - | - | 16 | - |
| गुजरात | - | 658 | - | 1896 | - |
| हिमाचल प्रदेश | - | - | - | 95 | - |
| हरियाणा | - | 203 | - | 374 | - |
| झारखंड | - | - | - | 43 | 23 |
| केरल | - | - | - | 441 | - |
| कर्नाटक | - | 329 | - | 570 | - |
| लक्षद्वीप | - | - | - | 3 | - |
| मेघालय | - | - | - | 1 | - |
| महाराष्ट्र | - | - | - | 1949 | - |
| मध्य प्रदेश | - | - | - | 193 | - |
| आडिशा | - | - | - | 56 | 10 |
| पंजाब | - | 170 | - | 351 | - |
| पुडुचेरी | - | - | - | 28 | - |
| राजस्थान | - | 600 | - | 442 | 344 |
| तमिलनाडु | | | | 748 | |
| त्रिपुरा | | | | 7 | |
| तेलंगाना | - | - | - | 79 | - |
| उत्तर प्रदेश | - | - | 206 | 298 | - |
| उत्तराखंड | - | - | 18 | 14 | - |
| पश्चिमी बंगाल | - | - | - | 80 | 11 |

*****************